# इन्वेस्ट यूपी ने नन्दी को सौंपी उद्यमी मित्रों के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: इन्वेस्ट यूपी ने राज्य में औद्योगिक विकास को सुदृढ़ करने और निवेश आकर्षित करने के लिए औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को उद्यमी मित्रों के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सौंपी। मंत्री ने कहा कि इन्वेस्ट यूपी और उद्यमी मित्र यह सुनिश्चित करें कि उत्तर प्रदेश के हर हिस्से तक औद्योगिक निवेश को धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा ईज आफ डूइंग बिजनेस (कारोबार की सुगमता) केवल प्राथमिकता नहीं है, यह हमारे औद्योगिक परिवर्तन की नींव है। प्रदेश को एक प्रमुख निवेश गंतव्य बनाने के लिए उद्यमी मित्रों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जाएगा।



मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी से भेंट को पहुंची इन्वेस्ट यूपी की टीम ●सूचना विभाग

इन्वेस्ट यूपी मुख्यालय की टीम द्वारा पूरे राज्य में क्षेत्रीय निरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। अब तक कुल 14 जिलों का निरीक्षण किया जा चुका है। शेष 61 जिलों का निरीक्षण चरणबद्ध रूप से 20 अगस्त से किया जाएगा। अभी तक के निरीक्षणों के दौरान, स्थानीय औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद, निवेशक स्थलों का भौतिक अवलोकन और जिला उद्योग केंद्र (डीआइसी) की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया है। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने बताया कि समीक्षा अभियान के तहत सभी 75 जिलों में निवेश समीक्षा बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।